## ★ प्रस्ताव 2 के पक्ष में तर्क ★

CALIFORNIA के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ, अपग्रेड किए हुए स्कूलों में सीखने में सहायता करने के लिए, प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करें!

California भर में कई पब्लिक स्कूल और सामुदायिक कॉलेज पुराने हो चुके हैं और बुनियादी स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को पूरा करने, विद्यार्थियों को कॉलेज और 21वीं सदी के करियर के लिए तैयार करने और गुणवत्तापूर्ण अध्यापकों को बनाए रखने और आकर्षित करने के लिए मरम्मत और अपग्रेड किए जाने की ज़रुरत है। प्रस्ताव 2 उन आवश्यकताओं को पूरा करेगा और यह कड़ी करदाता जवाबदेही सुरक्षा द्वारा निर्देशित है ताकि निधियों को स्थानीय नियंत्रण के साथ वादे के अनुसार खर्च किया जाता है।

CALIFORNIA के सार्वजनिक स्कूलों की मरम्मत और अपग्रेड करना

California में कई स्कूल पुराने, बिगड़ती हुई स्थिति में, असुरक्षित हैं और हमारे बच्चों की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर सकते हैं। टपकती हुई छतों; बिगड़ती हुई गैस, बिजली, और सीवर लाइनों; पाइपलाइन और शौचालयों की तत्काल मरम्मत करने; पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध कराने; हमारे स्कूलों से खतरनाक फफूंदी, एस्बेस्टस और लेड वाले पेंट को हटाने; और विद्यार्थियों को अत्यधिक गर्मी से बचाने के लिए प्रस्ताव 2 निधिकरण प्रदान करता है।

स्कूलों को अधिक सुरक्षित बनाना

हमारे बहुत से स्थानीय स्कूलों में पर्याप्त सुरक्षा और बचाव संरक्षण उपायों की कमी है। प्रस्ताव 2 दरवाज़े के तालों, आपातकालीन संचार-व्यवस्था और सुरक्षा प्रणालियों, फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर और बहुत कुछ के लिए निधिकरण प्रदान करके विद्यार्थियों को सुरक्षित बनाएगा।

21वीं सदी के करियर के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना

प्रस्ताव 2 विज्ञान, इंजीनियरिंग, करियर तकनीकी, और व्यावसायिक शिक्षा कक्षाओं, प्रयोगशालाओं; और सीखने की तकनीक सहित स्थानीय स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों को अपग्रेड करेगा। इससे और अधिक विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था में अच्छे वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए नौकरी के लिए प्रशिक्षण, तकनीकी ज्ञान और विशेष कौशल प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

वहनीय कॉलेज शिक्षा तक पहुंच को बढ़ाना

प्रस्ताव 2 सभी California वासियों के लिए गुणवत्तापूर्ण, वहन करने योग्य उच्च शिक्षा तक पहुंच को बढ़ाएगा—ताकि और अधिक विद्यार्थियों को अपनी कॉलेज शिक्षा शुरू करने, कॉलेज क्रेडिट अर्जित करने और बिना दमित करने वाले ऋण लिए चार-वर्ष के विश्वविद्यालय में स्थानांतरित होने को संभव बनाएगा।

लौटने वाले भूतपूर्व सैनिकों की सहायता करना

प्रस्ताव 2 स्थानीय सामुदायिक कॉलेजों को भूतपूर्व सैनिकों के लिए सेवाओं, नौकरी प्रशिक्षण का विस्तार करने और California के उन हजारों लौटने वाले भूतपूर्व सैनिकों का समर्थन करने में सहायता करता है जो नौकरी प्रशिक्षण और अपनी शिक्षा पूरी करने और नागरिक कार्यबल में प्रवेश करने के लिए अपने स्थानीय सामुदायिक कॉलेज पर निर्भर करते हैं।

जंगल की आग, भूकंप, और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित स्कूलों को बहाल करना

प्रस्ताव 2 उन स्कूलों को तत्काल सहायता प्रदान करता है जो जंगल की आग, बाढ़, भूकंप और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त या नष्ट हो जाते हैं ताकि वे जल्दी से दोबारा अपने दरवाजे खोल सकें और कार्यशील हो सकें।

प्रत्येक परियोजना पर स्थानीय नियंत्रण का संरक्षण करना

प्रस्ताव 2 यह आवश्यक बनाकर स्थानीय नियंत्रण का संरक्षण करता है कि इसके निधिकरण का इस्तेमाल केवल स्थानीय सामुदायिक इनपुट के साथ स्थानीय स्कूल और सामुदायिक कॉलेज ज़िलों द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं के लिए किया जाए। सारा पैसा स्थानीय स्तर पर नियंत्रित और खर्च किया जाएगा, जहाँ करदाताओं को यह तय करने का अधिकार होगा कि स्थानीय संपत्ति टैक्स को बढ़ाए बिना, इन निधियों का अपने पड़ोस के स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए सबसे अच्छा इस्तेमाल कैसे किया जाए।

कड़ी करदाता जवाबदेही के साथ वित्तीय रूप से उत्तरदायी

प्रस्ताव 2 के अनुसार प्रत्येक डॉलर का सार्वजनिक रूप से खुलासा करने, कड़े स्वतंत्र वित्तीय लेखा-परीक्षणों और प्रशासनिक और नौकरशाही लागतों पर कड़ी सीमाएँ लगाए जाने की आवश्यकता होती है। ये संरक्षण सुनिश्चित करते हैं कि निधिकरण सीधे स्कूलों पर खर्च किया जाए और कुशलतापूर्वक और किए गये वादों के अनुसार इस्तेमाल किया जाए।

हमारे स्कूलों को अपग्रेडों और मरम्मत की बहुत अधिक आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारे विद्यार्थी सुरक्षित हैं और सीखने के लिए तैयार हैं। प्रस्ताव 2 हमारे विद्यार्थियों को सफल होने में सहायता करेगा।

कृपया प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करने में हमारे साथ शामिल हों।

**David Goldberg**, प्रेज़ीडेंट
California शिक्षक संघ

**Sheri Coburn**, कार्यकारी निदेशक
California स्कूल नर्स संगठन

**Larry Galizio**, मुख्य कार्यकारी अधिकारी
California की सामुदायिक कॉलेज लीग

## ★ प्रस्ताव 2 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

*प्रस्ताव 2 से ऋण बढ़ेगा और इसके परिणामस्वरुप संपत्ति टैक्स में वृद्धि होगी*

California पर पहले से ही बड़े बैंकों और अरबपति निवेशकों का $78 बिलियन से अधिक बकाया है। प्रस्ताव 2 स्कूल और सामुदायिक कॉलेज ज़िलों के लिए— और $10 बिलियन—ब्याज सहित वापस चुकाने पर $18 बिलियन का कर्जा जोड़ता है। यह प्रस्ताव 98 से सार्वजनिक शिक्षा में जाने की गारंटी वाले कुल राज्य बजट के लगभग 40% के अतिरिक्त है।

प्रस्ताव 2 में इस्तेमाल किए गये निधिकरण फॉर्मूले के तहत, स्कूल ज़िलों को बॉन्ड्स से पैसा प्राप्त करने के लिए निधियों का "स्थानीय मिलान" प्रदान करना होगा। इससे ज़िले नए स्थानीय स्कूल बॉन्ड्स जारी करेंगे, जिनका भुगतान संपत्ति टैक्स बिलों में नए शुल्क जोड़कर किया जाएगा।

*प्रस्ताव 2 स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों में नामांकन में गिरावट को अनदेखा करता है*

जब ज़िला नामांकन में गिरावट आ रही है तो और अधिक स्कूल इमारतों के भुगतान के लिए अरबों रुपये उधार लेना लापरवाही है। राज्य के वित्त विभाग के अनुसार, "California ने 2022–23 स्कूल वर्ष में कुल सार्वजनिक K–12 नामांकन में लगातार 6वीं कमी का अनुभव किया," और अगले दस वर्षों में, अगर यही रुझान बना रहा, तो 2032–33तक 661,500 की और गिरावट होगी।

प्रस्ताव 2 California सामुदायिक कॉलेज सुविधा-स्थलों के लिए $1.5 बिलियन का उधार लेता है, लेकिन 2019 के बाद से राज्य के सामुदायिक कॉलेजों में नामांकन में गिरावट आई है। California के सार्वजनिक नीति संस्थान का अनुमान है कि सामुदायिक कॉलेज नामांकन "पूर्व-महामारी के स्तर तक नहीं पहुँच पाएगा।"

हालाँकि समर्थकों द्वारा किए गये वादों की गारंटी नहीं दी जा सकती, प्रस्ताव 2 पहले से अत्यधिक बोझिल California वासियों के लिए और बढ़े हुए टैक्स लगाए जाने की गारंटी देता है।

*प्रस्ताव 2 पर नहीं में मतदान करें।*

**असेम्बली के सदस्य Bill Essayli**
**Jon Coupal**, प्रेज़ीडेंट
Howard Jarvis करदाताओं का संघ



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 2 के विरुद्ध तर्क ★

*प्रस्ताव 2 पर नहीं: राजनेताओं को बताएँ कि Sacramento के बढ़ते हुए बॉन्ड ऋण का वापसी भुगतान करने के लिए करदाताओं पर अतिरिक्त बोझ डालने की बजाय, हमारे राज्य के बजट में गैरकानूनी आप्रवासियों के लिए मुफ़्त स्वास्थ्य देखभाल दिए जाने के स्थान पर शिक्षा के लिए निधिकरण को प्राथमिकता दें।*

प्रस्ताव 2 करदाताओं से शिक्षा निधिकरण के लिए $10 बिलियन के बॉन्ड को मंज़ूरी देने के लिए कहकर California की वित्तीय समस्याओं को दरकिनार करने का एक और प्रयास है जिसे इस वर्ष के $288 बिलियन के बजट पैकेज में शामिल किया जाना चाहिए था।

बजट प्राथमिकताओं का एक प्रतिबिंब होता है, और हमारे राज्य विधानमंडल ने हमारे स्कूल के बुनियादी ढांचे की सहायता और मरम्मत के लिए निधिकरण प्रदान करने की बजाय सार्वभौमिक गैरकानूनी आप्रवासियों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए $5 बिलियन से अधिक को प्राथमिकता देने का फैसला किया। नए बॉन्ड ऋण में कई बिलियन लेना इसका समाधान नहीं है।

*प्रस्ताव 2 भावी पीढ़ियों को उस कर्जे में डुबा देगा जिसे हमारे बच्चे दशकों तक चुकाते रहेंगे*

Howard Jarvis करदाता संघ का कहना है कि बॉन्ड्स उधार लिया गया पैसा होता है जिसका वापस भुगतान किया जाना ज़रूरी है, और वो भी ब्याज के साथ, भले ही इसके लिए महत्वपूर्ण प्रोग्रामों में कटौती ही क्यों न करनी पड़े। गवर्नर Newsom ने हाल ही में बजट आपातकाल की घोषणा की क्योंकि California अपनी आमदनी से अधिक खर्च करता है। अगर प्रस्ताव 2 पारित हो जाता है तो आज स्कूल जाने वाले बच्चे दशकों तक नए कर्जे में डूबे रहेंगे।

राजनेता वॉल स्ट्रीट से $10 बिलियन उधार लेना चाहते हैं और ब्याज सहित इसका भुगतान California वासियों से करवाना चाहते हैं, जिससे करदाता ऋण सेवा भुगतानों के लिए $10 बिलियन तक का भुगतान करने को बाध्य होंगे।

*California में पैसा समाप्त हो रहा है, California वासियों पर अत्यधिक टैक्स लगाया जा रहा है, प्रस्ताव 2 हालात को और भी बदतर बना देगा*

अनियंत्रित मुद्रास्फीति और देश में उच्चतम गैस और स्नातक आमदनी पर लगने वाले टैक्स के साथ California में पहले से ही $109 बिलियन से अधिक बकाया और अप्रकाशित बॉन्ड्स हैं, साथ ही लगभग $200 बिलियन की बिना वित्तपोषण वाली पेंशन देनदारियाँ और सेवानिवृत्त व्यक्तियों के लिए चिकित्सा लाभ—जो कि एक चौथाई ट्रिलियन डॉलर से अधिक हैं।

California वासियों को हमारे बॉन्ड्स और संबंधित ब्याज भुगतान की अदायगी करते समय अपने टैक्स बोझ में और अधिक वृद्धि को वहन करना होगा। हमारा बॉन्ड ऋण पहले से ही प्रति व्यक्ति $2,460 है।

Sacramento के राजनेता आवश्यकता से अधिक खर्च करते हैं, बॉन्ड्स जारी करते हैं और हमारी कारों, गैसोलीन और आमदनी पर टैक्स बढ़ाकर हमें दंडित करते हैं। और वे टैक्स डॉलर शायद ही कभी वहाँ पहुंचते हैं जहां राजनेता कहते हैं कि वे जाएंगे—हमारी सड़कें टूटती जा रही हैं और जबकि कई बिलियन डॉलर हाई-स्पीड रेल में जा रहे हैं।

*प्रस्ताव 2 टूटे हुए वादों की लंबी सूची में नवीनतम जोड़ है*

2012 में, California के मतदाताओं ने आमदनी और बिक्री टैक्स में प्रस्ताव 30 की "अस्थायी" वृद्धि को मंज़ूरी दी थी। फिर, 2016 में प्रस्ताव 55 ने उनमें से कई "अस्थायी" टैक्सों को 2028 तक बढ़ा दिया गया। दोनों बार, अध्यापक संघों ने हमारे स्कूलों के लिए कई बिलियन का निधिकरण देने का वादा किया।

विशालकाय शिक्षा नौकरशाही में पैसे के गड्ढे स्कूल की कक्षाओं में प्रत्यक्ष शिक्षा की ओर एक प्रतिशत भी खर्च किए बिना अधिकांश प्रस्ताव 2 की निधियों को अपने अंदर समा लेंगे। इसके बजाय, यह पैसा विशेष हितों को लाभ पहुंचाने वाली बेकार निर्माण परियोजनाओं पर खर्च कर दिया जाएगा।

California के स्कूलों को लगातार देश में सबसे निचले स्थान पर दर्जा दिया जा रहा है। स्कूल निर्माण परियोजनाओं में लगभग $20 बिलियन खर्च करने के बजाय, हमारे राज्य को पढ़ने, लिखने और गणित में उत्कृष्टता के उच्च मानक प्राप्त करने के लिए एक सुविचारित, दीर्घकालिक समाधान की आवश्यकता है। प्रस्ताव 2 कक्षा निर्देश में सुधार करने या हमारे बच्चों को सफल होने में सहायता करने के लिए कुछ नहीं करता है।

ठीक इन्हीं कारणों से मतदाताओं ने 2020 में प्रस्ताव 13, $15 बिलियन के एक स्कूल बॉन्ड, को अस्वीकार कर दिया था।

*प्रस्ताव 2 पर नहीं में मतदान करें।*

**असेम्बली के सदस्य Bill Essayli**

## ★ प्रस्ताव 2 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 2 यह सुनिश्चित करता है कि करदाताओं की सुरक्षा करते हुए California के विद्यार्थियों को सुरक्षित, अपडेट किए हुए स्कूलों में सीखने का अवसर मिले।

प्रस्ताव 2 कोई टैक्स वृद्धि नहीं है

प्रस्ताव 2, आलोचकों के कहने के बावजूद, राज्य या स्थानीय टैक्सों को बढ़ाए बिना स्कूलों और सामुदायिक कॉलेजों के स्थानीय अपग्रेड्स और मरम्मतों को वित्तपोषित करेगा। प्रस्ताव 2 के विरोध में आवाज़ उठाने वालों में से कुछ राज्य बॉन्ड निधिकरण के बारे में अनभिज्ञ हैं और झूठे दावे कर रहे हैं क्योंकि वे बस चाहते हैं कि राज्य सार्वजनिक शिक्षा के लिए निधिकरण में कटौती करे।

हम अब और इंतज़ार नहीं कर सकते

California के बहुत से विद्यार्थी टपकती हुई छतों, पीने के असुरक्षित पानी, फफूंदी, एस्बेस्टस, लेड वाले पेंट और लेड पाइप वाले स्कूलों में जाते हैं। स्थानीय स्कूल की मरम्मतें काफी समय से बकाया है लेकिन उनके लिए कोई राज्य निधिकरण उपलब्ध नहीं है। प्रस्ताव 2 निधिकरण प्रदान करता है ताकि हमारे स्कूलों को वे अपग्रेड्स मिलें जिनकी उन्हें बहुत ज़्यादा आवश्यकता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि विद्यार्थियों को सीखने में सहायता के लिए सुरक्षित, स्वस्थ स्कूल मिलते हैं।

कड़ी जवाबदेही और करदाता के लिए संरक्षण

प्रस्ताव 2 स्थानीय मतदाताओं को इस बात पर नियंत्रण देता है कि स्कूल बॉन्ड का पैसा कैसे खर्च किया जाता है। इसके लिए सभी राज्य और स्थानीय खर्चों, वार्षिक लेखा-परीक्षण और कड़े लेखांकन मानकों का सार्वजनिक प्रकटीकरण करना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, यह स्थानीय समुदायों को राज्य मिलान निधियाँ प्रदान करके करदाताओं को स्थानीय संपत्तियों पर अधिक टैक्सों से बचाता है ताकि उन्हें स्कूल की मरम्मतों और अपग्रेड्स की पूरी लागत को वित्तपोषित करने के लिए और अधिक धन जुटाने की आवश्यकता न हो। प्रस्ताव 2 एक द्विदलीय विधेयक है जो और अधिक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने, किफायती कॉलेज शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने और भूतपूर्व सैनिकों और विद्यार्थियों के लिए नौकरी प्रशिक्षण के अवसरों में सुधार करने में सहायता करेगा।

प्रस्ताव 2 पर हाँ में मतदान करें।

**Susan Dixon**, राज्य प्रेज़ीडेंट
California रिटायर्ड अध्यापक संगठन

**Diana Limon**, निदेशक
इंटरनेशनल ब्रदरहुड ऑफ़ इलेक्ट्रिकल वर्कर्स लोकल यूनियन 11

**Sheri Coburn**, कार्यकारी निदेशक
California स्कूल नर्स संगठन

इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा उनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।